वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 12 अप्रैल 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

यूपीएससी उम्मीदवारों को अतिरिक्त अवसर दिए जाने की मांग हेतु अभाविप ने केन्द्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को ज्ञापन प्रेषित कर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली संघीय लोकसेवा परीक्षा में अंतिम प्रयास कर चुके उम्मीदवारों को कोरोनाकाल की विषम परिस्थितियों को ध्यान में रख मानवीय आधार पर एक अतिरिक्त अवसर दिए जाने की मांग की है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा, "कोरोनावायरस महामारी के कारण लोगों के सामने विभिन्न प्रकार की चुनौतियां रही हैं, छात्रों के लिए पाठ्य सामग्री की उपलब्धता नहीं थी और शिक्षण सहायता भी महीनों तक उपलब्ध नहीं रही, ऐसे में लंबे समय तक कठिन परिश्रम कर संघीय लोकसेवा परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों को वर्तमान की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए रियायत मिलनी चाहिए। जिन उम्मीदवारों ने संघीय लोकसेवा परीक्षा - 2020 में अपना अंतिम प्रयास दे दिया है, उन्हें एक अतिरिक्त अवसर दिया जाना चाहिए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)